दिन–मंगलवार दिनांक– 26 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारण:– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. पहले चरण में उन्नीस अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन में आयी तेजी। अब तक औरंगाबाद, नवादा और गया लोकसभा सीटों से दस उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया।

02. निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची और चुनावी सामग्री के लिए कागज का उपयोग कम से कम करने का दिया निर्देश।

03. प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रंगों का त्योहार होली आज भी उल्लास और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। होली को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम।

04. और, राजधानी समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मौसम में बदलाव। पश्चिम चंपारण समेत विभिन्न जगहों पर देर रात तेज आंधी और बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई।

---

बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन भरने के काम में तेजी आ गई है। इस चरण में राज्य की गया, नवादा, औरंगाबाद और जमुई सीटों पर वोट डाले जाएंगे। पहले चरण के लिए इस महीने की अट्ठाईस तारीख तक नामांकन भरे जा सकते हैं। कल कुल नौ उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किए। इनमें औरंगाबाद से भाजपा उम्मीदवार सुशील कुमार सिंह और नवादा निर्वाचन क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल के श्रवण कुमार कुशवाहा शामिल हैं। अब तक कुल दस उम्मीदवारों ने नामांकन भरा है। इनमें छह उम्मीदवार औरंगाबाद से, तीन गया से और एक नवादा निर्वाचन क्षेत्र से हैं। जमुई सीट से अब तक किसी भी उम्मीदवार ने पर्चा दाखिल नहीं किया है। पहले चरण का मतदान उन्नीस अप्रैल को होगा।

---

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए के दो प्रमुख घटक दल भाजपा और जदयू ने अपने सभी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। हम और राष्ट्री लोक मोर्चा के उम्मीदवार भी तय हैं। लोजपा ने कहा है कि होली के बाद उम्मीदवारों की घोषणा करेंगे। इधर, पाटलिपुत्र के सांसद रामकृपाल यादव ने भाजपा की ओर से तीसरी बार उम्मीदवार बनाए जाने पर पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

———बाईट———

————————————————————————————————

महागठबंधन में सहयोगी दलों के बीच सीटों पर तालमेल को लेकर टकराव की स्थिति बनी है। महागठबंधन में अभी तक सीटों के बंटवारे को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इस बीच राष्ट्रीय जनता दल ने अपने कई पार्टी उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आंवटित कर दिये हैं। आधिकारिक घोषणा से पहले चुनाव चिह्न बांटे जाने पर कांग्रेस ने राजद के फैसले पर आपत्ति जताई है।

————————————————————————————————

इधर, राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी ने कहा है कि कांग्रेस लोक सभा चुनाव में अधिक सीटे मांग रही है। उन्होंने कहा कि सबसे मजबूत आधार महागठबंधन में राजद का है, उसी के आधार पर चुनाव जीतना है। श्री तिवारी ने कहा कि सीपीआई माले को भी अपने प्रत्याशियों को पेश करना चाहिए।

———बाईट———

————————————————————————————————

चुनाव आयोग आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल चुनाव प्रक्रिया को बढ़ावा दे रहा है। आयोग ने चुनाव मशीनरी और राजनीतिक दलों को मतदाता सूची और चुनावी सामग्री के लिए कागज का उपयोग कम से कम करने के निर्देश जारी किए हैं। चुनाव निकाय ने ई–बुक्स और ई–डॉक्यूमेंट्स के उपयोग पर जोर दिया है और डबल–साइड प्रिंटिंग और लेआउट अनुकूलन सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

————————————————————————————————

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। बिना अनुमति के जनसभा और बैठक करने के कई मामलें दर्ज किए गए। औरंगाबाद में वाहन के दुरूपयोग के संबंध में एक जबकि कैमूर, मधेपुरा और पश्चिम चंपारण जिलें में लाउड स्पीकर के दुरूपयोग के मामलें में एक–एक प्राथमिकी दर्ज की गई। वहीं जाँच के क्रम में पाँच लाख रूपये नकद बरामद किए गए। आचार संहिता लागू होने के बाद अब तक एक करोड़ सत्तासी लाख रूपये से अधिक मूल्य की वस्तुए जब्त की गई हैं, जिनका चुनाव के दौरान दुरूपयोग होने की आशंका थी।

———————————————————————————————

एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग जलवायु केन्द्र के पूर्वानुमान के अनुसार जुलाई से सितंबर तक जब मानसून चरम पर होगा, तब भारत में औसत से अधिक वर्षा होने की संभावना है। जलवायु केन्द्र ने भारत के लिए मानसून का इस वर्ष का पहला पूर्वानुमान जारी किया है। इसमें अप्रैल से जून और जुलाई से सितंबर के लिए दो अलग–अलग आकलन किये गये हैं। वहीं हाल ही में ई एन एस ओ की ओर से जारी चेतावनी में एल नीनो से ला नीना की स्थितियों में सुचारू रूप से बदलाव की बात कही गई है। माना गया है कि मानसून की स्थिति में बदलाव इसी पूर्वानुमान पर आधारित है। इससे पहले भारतीय मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा था कि एल नीनो के कारण इस वर्ष भीषण गर्मी का सामना करना पड सकता है। हालांकि गर्मी के मौसम के बाद एल नीनो निष्क्रिय होने की संभावना है। वहीं ला नीना के कारण भारत में मानसून के उत्तरार्द्ध में अच्छी वर्षा हो सकती है।

———————————————————————————————

जवाहरलाल नहेरू विश्वविद्यालय, जेएनयू में हुए छात्र संघ के चुनाव में वाम दलों से जुड़े छात्र संगठनों ने जीत दर्ज की है। जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष पद पर ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोशिएसन के धनंजय ने जीत दर्ज की है। वे गया के रहने वाले हैं। वहीं, उपाध्यक्ष पद पर एसएफआई के अविजीत घोष ने जीत दर्ज की है।

———————————————————————————————

प्रदेश के अनेक हिस्सों में रंगो का त्योहार होली आज भी उल्लास और उमंग के साथ मनायी जा रही है। मधुबनी, शेखपुरा, कटिहार, सीतामढ़ी समेत राज्य के कई हिस्सों में होली कल भी मनायी गयी।

——म्यूजिक——

लोगों में होली को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि पूरा माहौल होलीमय हो गया है। सुबह से ही लोग रंग और मिट्टी से होली खेल रहे हैं। दिन चढ़ने के साथ ही लोगों का उत्साह बढ़ता जा रहा है। बाजारों में भी रौनक छाया हुआ है। रंग–गुलाल, पिचकारी की खूब बिक्री हो रही है।

———————————————————————————————

इधर, होली को लेकर प्रशासन विशेष चौकसी बरत रहा है और संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। हुड़दंग करने वालों और बाइकर्स गैंग पर नजर रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। मद्य निषेध विभाग भी होली पर शराब की तस्करी को लेकर विशेष अभियान चला रहा है। अस्पतालों और अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। होली के मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि होली खुशियों का त्यौहार है, जो जीवन में उत्साह और उम्मीद लाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई  कि होली, सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगी। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि होली असत्य पर सत्य और दुराचार पर सदाचार की विजय का पर्व है। यह त्योहार समाज में एकता, प्रेम, भाईचारा, सद्‌भावना और शांति का संदेश देता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा कि असत्य, अहंकार और पाखंड पर सत्य के विजय पर्व के रूप में होली का त्योहार मनाया जाता है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, विधान परिषद के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर, विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने होली के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

---

होली के मौके पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे ने विशेष इंतजाम किया है। कई विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है, जो प्रदेश के प्रमुख स्टेशनों को दूसरे राज्यों की राजधानी से जोड़ रही हैं। सबसे अधिक ट्रेनों का परिचालन बिहार के विभिन्न स्टेशनों और दिल्ली के बीच किया जा रहा है। रेलवे ने होली के बाद से अंठावन विशेष ट्रेनों के परिचालन की घोषणा की है। वहीं, विभिन्न स्टेशनों पर सुरक्षा इंतजामों को बढ़ा दिया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशनों

पर नागरिक सुविधाओं का भी विस्तार किया गया है। जीआरपी और आरपीएफ के जवान प्रमुख स्टेशनों पर तैनात किये गये हैं और वे चौकसी बरत रहे हैं।

———————————————————————————

इस अवसर पर आकाशवाणी से विशेष बातचीत में दिल्ली एम्स के नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर जे. एस. तितियाल ने होली के रंगों का इस्तेमाल करते समय लोगों को आंखों की सुरक्षा के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी है।

———बाईट———

प्रक्योशन लेना बहुत ही जरूरी है। उसमें रंग यूज करते हैं तो ड्राई रंग यूज करें, जैसे गुलाल है। यदि धोने के बावजूद आपकी आंखों में इरिटेशन या पेन हो रहा है तो फिर हॉस्पिटल में जाकर आंखों का चेकप करावा लो। जहां तक और प्रक्योशन हैं यदि आप कॉन्टेक्ट लैंस लगाते हैं तो उसके साथ नहीं खेलना चाहिए। जिन लोगों को एलर्जी है, आंखों की एलर्जी या फिर जो अस्थमा के पीडित हैं, उनको भी रंग से दूर रखना चाहिए।

———————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागो में मौसम में बदलाव हो रहा है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण—पूर्व और मध्य भागों के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा दर्ज की गई। कई जिलों में बारिश के साथ देर रात ओलावृष्टि भी हुई है। बारिश के चलते फिर से ठंड में बढ़ोतरी हुई है।मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कमल सिंह गुप्ता ने बताया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान सीमांचल के क्षेत्रों और उत्तर—पश्चिम भागों के कुछ स्थानों पर वज्रपात के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

———बाईट———

इधर, पश्चिम चंपारण से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के सरिसवा समेत विभिन्न जगहों पर देर रात तेज आंधी और बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुयी। इससे खड़ी फसलों को काफी नुकसान हुआ है।

———————————————————————————

बंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कल रात खेले गये आईपीएल के क्रिकेट मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू ने पंजाब किंग्स को चार विकेट से हरा दिया। आज चेन्नई के एम ए चिदम्बरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स का मुकाबला होगा। यह मैच शाम सात बजकर तीस मिनट पर शुरू होगा।

———————————————————————————

भारत ने विश्व कबड्डी दिवस के अवसर पर एक सौ अट्ठाईस खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाकर इतिहास रच दिया। हरियाणा के पंचकुला में ताऊ देवी लाल इंडोर स्टेडिम में यह इतिहास बनाया गया। होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन और हरियाणा सरकार के बीच हाल ही में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये जिसका उद्देश्य विश्वभर में कबड्डी को प्रोत्साहन देना शामिल है।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के नगर थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों ने एक व्यक्ति के घर घुसकर मार–पीट की, जिसमें दो व्यक्ति घायल हो गये। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

कटिहार नगर थाना क्षेत्र में एक आरोपी को गिरफ्तार करने गयी पुलिस टीम पर एक व्यक्ति ने गोली चला दी। पुलिस ने इस मामले में पिस्तौल और कारतूस के साथ उस व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

कैमूर जिले के पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा ने विधि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए डॉयल एक सौ बारह नम्बर के उन्नीस वाहनों को विभिन्न थानों को सौंपा है।

———————————————————————————

मधेपुरा जिले के कुमारखंड थाना क्षेत्र में दो मोटरसाईकिलों के आमने–सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

———————————————————————————

मधुबनी जिले में औंसी थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। वहीं, अरवल जिले में उत्पाद विभाग की टीम ने पांच हजार लीटर से अधिक अर्धनिर्मित कच्चा शराब को नष्ट किया।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार......एक बार फिर

01. पहले चरण में उन्नीस अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन में आयी तेजी। अब तक औरंगाबाद, नवादा और गया लोकसभा सीटों से दस उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया।

02. निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची और चुनावी सामग्री के लिए कागज का उपयोग कम से कम करने का दिया निर्देश।

03. प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रंगों का त्योहार होली आज भी उल्लास और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। होली को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम।

04. और, राजधानी समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मौसम में बदलाव। पश्चिम चंपारण समेत विभिन्न जगहों पर देर रात तेज आंधी और बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।